## कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पत्रांक: ए०ई०/03/नि०वि०-I/ग्रुप-III/ क्षमता निर्माण/1421 दिनांक: .06.2026

### कार्यालय आदेश

मुख्यालय के आदेशानुसार प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण(Data) क्षमता निर्माण हेतु SAI Capacity Building Portal पर अद्यतन(update) किया जाना है | अतः, प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित विवरण को अपने आधिकारिक (Official) Email-Id से कार्यालय Email-Id-dagworkcell.up2.ae@cag.gov.in पर दिनांक 19.06.2026 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें |

1. शैक्षणिक योग्यता (Educational Qualifications) और व्यावसायिक सर्टिफिकेशन्स (Professional Certifications)
2. APAAR ID

इसके अतिरिक्त, यह प्रायः देखने में आया है कि उपर्युक्त संवर्ग के कई अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आधिकारिक पत्राचार हेतु उनके व्यक्तिगत ईमेल-Id, पुराना Designation based ईमेल-Id तथा Executive Engineer के ईमेल-Id का उपयोग किया जाता है | इस सम्बन्ध में, कई बार कार्यालय आदेश के द्वारा पहले भी निर्देशित किया जा चुका है कि आधिकारिक पत्राचार हेतु केवल name based शासकीय ईमेल-Id का ही उपयोग करना है | फिर भी, प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता है और शिथिलता बरती जाती है, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा बहुत ही गंभीरता से लिया गया है |

अतः प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें तथा जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की अभी तक name based शासकीय ईमेल-Id नहीं बनी है, वे निर्धारित प्रारूप में ईमेल-Id बनवाने हेतु अपना विवरण इस कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित करना सुनिश्चित करें |

17/6/26

वरि० उपमहालेखाकार/निर्माण

पत्रांक: ए०ई०/03/नि०वि०-I/ग्रुप-III/ क्षमता निर्माण/168-170 दिनांक: .06.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. सचिव महालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
2. वरि० लेखाधिकारी/ITCG, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस अनुरोध से कि वे उक्त आदेश को कार्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें |
3. प्रभागीय लेखाकार संवर्ग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय वेबसाइट के माध्यम से |

वरि० लेखाधिकारी/नि०वि०-I